# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वार्षिक माध्यमिक (Matric) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए सभी नौ प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों–पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियाँ, भागलपुर, मुंगेर एवं गया में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रवेश परीक्षा (JEE/NEET) की तैयारी हेतु निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन (Admission) के संबंध में आवश्यक सूचना**

## केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) की कक्षा 10वीं (X) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी कृपया ध्यान दें–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल (JEE/NEET) में प्रवेश हेतु सभी नौ प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों– पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियाँ, भागलपुर, मुंगेर एवं गया में निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

2. पूर्व की वर्षों में ऐसा देखा गया है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) से 10वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं द्वारा एक बड़ी संख्या में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के इंटर (+2) कक्षा में नामांकन कराया गया है। इस परिदृश्य में इन बोर्डों से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों द्वारा संचालित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाना है।

3. इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) कार्यक्रम में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 (बी0एस0ई0बी0)/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/ इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के 10वीं (X) परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा।

4. इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) एवं इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के चयनित उन विद्यार्थियों को इस शर्त्त के साथ इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) में नामांकन का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से इंटरमीडिएट विज्ञान +2 वर्ग में अध्ययन के लिए प्रवेश (Admission) के लिए अपनी लिखित घोषणा–सह–सहमति पत्र समर्पित करेंगे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित इंटरमीडिएट विज्ञान +2 वर्ग में नामांकन नहीं लिये जाने पर उनका अभ्यर्थित्व स्वतः रद्द हो जाएगा।

### 5. समिति द्वारा सफल विद्यार्थियों के निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) कार्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा एवं साक्षात्कार की व्यवस्था

(i) पूर्व में समिति द्वारा प्रसारित विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 32/2024 दिनांक 26.01.2024 के द्वारा वर्णित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) कार्यक्रम के तहत नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी (वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी) को समिति की **वेबसाईट coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 26.01.2024 से 08.02.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक** ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई है। सम्प्रति वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के Appearing विद्यार्थियों के लिए इस अवधि को **दिनांक 25.02.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक** विस्तारित किया जाता है, जिसके लिए सौ (100) रूपये ऑनलाईन आवेदन शुल्क देय होगा।

(ii) इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन के लिए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के Appearing विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

(iii) इस निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) में नामांकन के लिए विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, भागलपुर, मुंगेर एवं गया जिलों में से किसी एक जिले या एक से अधिक जिले का विकल्प भर सकते हैं।

(iv) नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर छात्र/छात्रा चयन के पात्र होंगे।

### 6. निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत पठन–पाठन, शिक्षण एवं अन्य अनुमान्य सुविधाएँ

(i) यह कार्यक्रम वर्ष 2024 के माह मार्च अथवा अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

(ii) निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पठन–पाठन की व्यवस्था प्रत्येक प्रमण्डल जिला मुख्यालय में की जाएगी, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं | जिला | शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | पटना | राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री नगर, पटना–800023 |
| 2 | मुजफ्फरपुर | बी० बी० कॉलेजिएट, मोतीझील, मुजफ्फरपुर–842001 |
| 3 | छपरा | विश्वेश्वर सेमिनरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, म्यूनिसिपल चौक, श्री नंदन पथ, छपरा– 841301 |
| 4 | दरभंगा | जिला स्कूल (नाका नं० 06 के समीप), लहेरियासराय, दरभंगा–846003 |
| 5 | सहरसा | जिला स्कूल, समाहरणालय रोड (सदर अस्पताल के पूरब), सहरसा–852201 |
| 6 | पूर्णियाँ | जिला स्कूल, नियर भट्टा बाजार, पूर्णियाँ–854301 |
| 7 | भागलपुर | जगलाल उच्च विद्यालय, कंपनीबाग, पोस्ट–भागलपुर सिटी, भागलपुर–812002 |
| 8 | मुंगेर | जिला स्कूल, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर–811201 |
| 9 | गया | हरिदास सेमिनरी +2 स्कूल, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप, थाना–सिविल लेन, पोस्ट–जी०पी०ओ०, गया–823001 |

(iii) शिक्षण के लिए चयनित विद्यार्थियों का नामांकन प्रमण्डलीय मुख्यालय के जिलों के निर्दिष्ट विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के लिए अलग–अलग कराने की व्यवस्था की जाएगी तथा नामांकन शुल्क का वहन समिति द्वारा किया जाएगा।

**(iv) चयनित छात्र/छात्राओं को समिति द्वारा प्रति माह 1,000/– (एक हजार) रूपया छात्रवृत्ति के रूप में पठन–पाठन एवं अन्य संगत कार्यों के लिए उपलब्ध करायी जाएगी।**

(v) चयनित विद्यार्थियों को JEE/NEET के शिक्षण (Teaching) के लिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री (Free Study Material) उपलब्ध कराया जाएगा।

(vi) नामांकित विद्यार्थियों के लिए माह में पाक्षिक (Fortnightly) रूप से दो बार OMR Test या CBT (Computer Based Test) की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी।

(vii) इस कार्यक्रम के तहत चयनित छात्र/छात्राओं को Specialized Teaching के अंतर्गत अनुभवी, कुशल एवं योग्य JEE/NEET कोचिंग के वैसे Expert Teachers, जिनकी देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों यथा– कोटा, हैदराबाद, दिल्ली, कोलकता या अन्य शहरों में इंजीनियरिंग (JEE) अथवा मेडिकल (NEET) के लिए विद्यार्थियों को पढाने का अनुभव है, के द्वारा इस शिक्षण (Teaching) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को JEE/NEET के पाठ्यक्रम से संबंधित विषयवार शिक्षण (Teaching) दिया जाएगा।

### 7. ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया

समिति द्वारा निरूपित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण कार्यक्रम (Free Non-Residential Teaching Program) के तहत बिहार बोर्ड की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ICSE) के 10th बोर्ड परीक्षा के Appearing विद्यार्थी निम्नांकित प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर सकते हैं :–

| URL | coaching.biharboardonline.com |
|---|---|
| Step-01 | Home Page पर दिए गए लिंक Non-Residential Coaching for NEET/JEE Student Registration पर Click करें। तत्पश्चात् अपने बोर्ड यथा–BSEB/CBSE/ICSE पर जाकर अपनी विवरणी समर्पित करें। |
| Step-02 | यहां पर दिए गए Instructions को ध्यानपूर्वक पढ़कर Accept करें। |
| Step-03 | बिहार बोर्ड वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी Registration Panel पर दिए गए BSEB Unique ID अथवा Roll Code एवं Roll Number डालकर अपना Eligibility Check कर अपना Credential (User ID एवं Password) प्राप्त करें, जो उनके पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। |
| Step-04 | CBSE/ICSE परीक्षा, 2024 के Appearing विद्यार्थी Registration Panel पर दिए गए विवरणी की प्रविष्टि कर उसे सबमिट करें। तत्पश्चात् अपना User ID एवं Password प्राप्त करें, जो उनके पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। |
| Step-05 | अपने User ID एवं Password के माध्यम से Log-In कर Form Fill-up करें। |
| Step-06 | अपने द्वारा भरे गए Form को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए Save & Preview बटन पर क्लिक करें। इसे ध्यानपूर्वक पढ़े। तत्पश्चात् यदि कोई त्रुटि दिखे तो Edit बटन पर जाकर पुनः सुधार कर उसे Save & Preview करें। |
| Step-07 | Payment Button पर Click कर 100 रूपये का ऑनलाईन भुगतान कर अपना भुगतान Reciept प्राप्त करें। |

पी.आर. 52/2024

सचिव